आयुष्मान कार्ड का विवरण

अतारांकित प्र.सं0. 40

श्री बलराज कुंडू, विधायक (महेम): क्या स्वास्थ्य मंत्री आयुष्मान कार्ड का विवरण के बारे में बताने की कृपा करेंगें कि:–

क क्या राज्य के गरीब लोगों को आयुष्मान कार्ड पर निजी अस्पतालों में ईलाज मिल रहा है,

ख यदि हां, तो पिछले एकवर्ष के दौरान जिलेवार आयुष्मान कार्ड पर निजी अस्पतालों में ईलाज कराने वालो की संख्या कितनी है, और

ग गरीब लोगों के उपचार के चिकित्सा व्यय के संबन्ध में सरकार द्वारा निजी अस्पतालों को किए गए भुगतान का विवरण क्या है?

उत्तर

श्री अनिल विज, स्वास्थ्य मंत्री, हरियाणा

महोदय, प्रश्न संख्या अतारांकित प्र.सं0. 40 के संदर्भ में एक विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

क जी श्रीमान्। आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना लाभार्थी को सार्वजनिक और निजी दोनों सूचीबद्ध अस्पतालों में मुफ्त कैशलेस उपचार का लाभ प्रदान करती है।

ख पिछले एकवर्ष के दौरान आयुष्मान कार्ड पर निजी अस्पतालों में ईलाज कराने वाले लोगों की जिलेवार संख्या की सूची **पताका–1** में संलग्न है।

ग गरीब लोगों के उपचार के चिकित्सा व्यय के संबन्ध में सरकार द्वारा निजी अस्पतालों को किए गए भुगतान का विवरण **पताका–2** में संलग्न है।